नवभारत टाइम्स

13.September.2019

होटलों में प्लास्टिक की बोतल बंद, कागज के सीलबंद गिलास में पानी

■ प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली: अब होटलों में आपको प्लास्टिक की बोतल की जगह कागज के सीलबंद गिलास में पानी मिला करेगा। पीएम मोदी ने देश में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर रोक लगाने का आह्वान किया है। इसी कड़ी में अब फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड ऑथिरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने नोटिस जारी कर सभी फोर और फाइव स्टार होटलों को यह निर्देश दिया है।

इस दिशा में आने वाले दिनों में कई और रेगुलेशन जारी किए जा सकते हैं। वहीं दूसरी ओर एफएसएसएआई 'ईट राइट इंडिया' कैंपेन चला रही है। भारतीय क्रिकेट टीम के कैप्टन विराट कोहली इस अभियान का हिस्सा बन गए हैं और इस दिशा में लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक कर रहे हैं। एफएसएसएआई ने यह भी कहा है कि वो अपने होटलों में स्ट्रॉ, प्लेट्स, बाउल आदि के इस्तेमाल में प्लास्टिक की जगह बैंबू का प्रयोग करें।

ट्रांस फैट की मात्रा पर सख्ती से लगाम लगेगी

■ विस, नई दिल्ली : फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने किसी भी तरह के स्नैक्स या बाजार में बिकने वाले तैयार खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट की मात्रा को दो फीसदी से ज्यादा न होने देने का इरादा जताया है। इस सिलसिले में ड्राफ्ट का मसौदा जारी किया गया है। इस पर फूड ऑपरेटर्स और दूसरे संबद्ध पक्षों से राय देने के लिए कहा गया है। इसके बाद अंतिम फैसला होगा।